Guru Nanak Dev Lecture Sub: "Where are the Jobs: Decoding India's Jobless Growth"

The 3rd Guru Nanak Dev Lecture was organised by the Dept. of Economics on 18th July, 2018 at our Bhuda campus. Dr. Sajal Mukjerjee, Professor and Head Dept. of Economics, Vinoba Bhave University, Hazaribag and one of the renowned scholars of economics delivered a lecture on "Where are the Jobs: Decoding India's Jobless Growth."

The lecture was started at 11 a.m. by welcoming of the main speaker Dr. Sajal Mukherjee. Among those who were present on the dias were Sardar Diljaun Singh Grewal, Secretary, Guru Nanak College Dhanbad, Principal, P. Shekhar, Dr. Sanjay Prasad, Prof-in-charge, Bhuda Campus and Dr. Ranjana Das, Prof-in-Charge, Women's Wing.

Dr. Mukherjee concluded his lecture with a solution to the problem being faced by the Country. He suggested that present education system be linked to skill oriented courses. He advised the students to work hard and focus on their goal.

On this occasion teachers of local and host colleges and large number of students of department of economics(approximately 100 boys and girls) were present. The programme ended with a vote of thanks proposed by the Principal, P. Shekhar.

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accreditated 'B' Grade

DHANBAD

AK COLLEGE, DHANBAD
ccreditated 'B' Grade
Series



GURU NANAK COLLEGE, D
NAAC Accreditated 'B' Grade

Press Release

मेहनत करो, एक लक्ष्य तय करो: डॉ सजल

हिन्दुस्तान 19.7.18

धनबाद | मुख्य संवाददाता

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पीजी अर्थशास्त्र विभाग के डॉ सजल मुखर्जी ने बुधवार को छात्र-छात्राओं से कहा कि मेहनत करो, एक लक्ष्य साध लो। दृढ़ निश्चय कर लो। हमें क्या करना है, सफलता मिलने लगेगी। ग्रोथ और विकास हो रहा है, लेकिन नौकरी नहीं बढ़ रही है। बेरोजगारी इतनी अधिक बढ़ गई है कि पीजी की पढ़ाई कर छात्र आदेशपाल की नौकरी कर रहे हैं।

भूदा स्थित गुरुनानक कॉलेज में एक दिवसीय गुरुनानक देव जी पर व्याख्यान देते अतिथि और उपस्थित लोग।

डॉ सजल मुखर्जी बुधवार को गुरुनानक कॉलेज धनबाद में आयोजित तीसरा एक दिवसीय गुरुनानक देव लेक्चरर सीरीज को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नौकरी कहां हैं विषय की विस्तार से व्याख्या की। देश में नौकरी की कमी है। सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार 2004-05, 2009-10 में एक मिलियन रोजगार में ग्रोथ हुआ था। 2011-12 में ग्रोथ बंद हो गया। एजुकेशन को स्किल और इंडस्ट्री से जोड़ा जाए, तभी रोजगार की समस्या दूर होगी। निर्माण में कम ध्यान देकर सर्विस सेक्टर, लेदर प्रोडक्ट, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, कॉटिक इंडस्ट्री के लिए शिक्षा की पद्धति को चेंज किया जाए। शिक्षा को स्किल ओरिएंटेड किया जाए। कार्यक्रम को प्राचार्य प्रो पी शेखर, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ संजय प्रसाद, गर्ल्स विंग इंचार्ज डॉ रंजना दास, कॉलेज सचिव सरदार दिलजॉन सिंह, डॉ मीना मालखंडी, प्रो दीपक कुमार के अलावा अन्य मौजूद थे।

प्रभात खबर 19.7.18

कैंपस

गुरुनानक कॉलेज. लेक्चर सीरीज में बोले डॉ सजल मुखर्जी

ग्रोथ तो हो रहा, रोजगार नहीं बढ़ रहे

देश में 800 विश्वविद्यालय हैं, पर दुनिया के 200 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में यहां का एक भी विश्वविद्यालय नहीं. टेक महींद्रा के सीइओ का कहना है कि इस देश के 94 प्रतिशत आइटी स्नातक नौकरी के लायक नहीं. यह इस बात का सबूत है कि देश के विकास और रोजगार में कोई तारतम्य नहीं. इस रोजगारविहीन विकास को गंभीरता से नहीं लिया गया तो शिक्षा अपना औचित्य खो देगी.

गुरुनानक देव लेक्चर सीरीज मे उपस्थित प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं व संबोधित करते (नीचे) डॉ सजल मुखर्जी, मंच पर प्राचार्य, सचिव.

संवाददाता ▷ धनबाद

देश नौकरी के संकट से गुजर रहा है. सरकारी योजनाओं से ग्रोथ तो हो रहा है, पर रोजगार नहीं बढ़ रहे हैं. एजुकेशन को स्किल और इंडस्ट्री से जोड़ा जाये तभी रोजगार की समस्या दूर होगी. ये बातें विभावि के पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स के डॉ सजल मुखर्जी ने कही. वह भूदा स्थित गुरुनानक कॉलेज में बुधवार को गुरुनानक देव लेक्चर सीरीज में 'नौकरी कहां है' विषयक व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे. उन्होंनि कहा कि निर्माण कार्य में कम ध्यान देकर सर्विस सेक्टर, लेदर प्रोडक्ट, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, कॉटिक इंडस्ट्री, शिक्षा की पद्धति को चेंज किया जाये तथा शिक्षा को स्किल ओरिएंटिड किया जाये.

बेरोजगारी इतनी बढ़ी कि पीजी पास कर रहे चपरासी की नौकरी

डॉ मुखर्जी ने कहा कि बेरोजगारी इतनी बढ़ती जा रही है कि पीजी करके लोग चपरासी की नौकरी कर रहे हैं. गांव में 75 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं. उन्होंने कहा कि इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार 2004-05, 2009-10 में रोजगार में एक मिलियन ग्रोथ हुआ था. 2011-12 में ग्रोथ बंद हो गया.

सफलता मिलने लगेगी : डॉ मुखर्जी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि एक लक्ष्य को साध लो, मेहनत करो और दृढ निश्चय कर लो कि हमें क्या करना है. सफलता मिलने लगेगी. कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य पी शेखर ने किया. कार्यक्रम में प्रो इंचार्ज संजय प्रसाद, गर्ल्स विंग इंचार्ज डॉ रंजना दास, गुरुनानक कॉलेज के सचिव सरदार दिलजॉन सिंह, डॉ मीना मालखंडी, प्रो दीपक कुमार के साथ काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.